गोविन्ददेवजी में बरसाना की लट्ठमार होली हुई साकार

जयपुर के आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में तीन दिवसीय होलिकोत्सव का समापन

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर

शहर के अराध्य देव गोविंददेवजी मंदिर में बुधवार को तीन दिवसीय होलिकोत्सव का समापन हुआ। बरसाना की लट्ठमार होली आकर्षण का केन्द्र रही। पं. अविनाश शर्मा के निर्देशन में 60 कलाकारों ने लट्ठमार होली को साकार किया।

मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने ईश्वर दत्त माथुर और कमलकांत कौशिक को गायन के क्षेत्र में तथा अनुराग वर्मा को नृत्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए गोविंद अवार्ड प्रदान किया। सम्मान स्वरूप गोविंददेवजी की छवि, मेडल, शॉल, मंदिर का मॉडल और प्रसाद प्रदान किया गया। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने आयोजक धामानी परिवार का होली का स्वांग श्रृंगार किया।

कार्यक्रम संचालक संजय रायजादा, मंजू शर्मा, वरिष्ठ गाय पं. अविनाश शर्मा को भी विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम संयोजक गौरव धामानी ने बताया कि प्रारंभ में वरिष्ठ भजन गायक पं. जगदीश शर्मा ने गणेश वंदना की।

युवा गायक कुंज बिहारी जाजू ने ठेठ देसी अंदाज में पारंपरिक रचना डिग्गीपुरी का राजा सुनाई। श्रद्धालुओं ने भजन पर पर नृत्य किया। शशि भट्ट, अर्चना शर्मा, गिर्राज बालोदिया, प्रख्यात नृत्य गुरु गिरधारी महाराज के कथक आश्रम की नृत्यांगना नमिता कौशल, स्वाति गर्ग, ज्योति भारती गोस्वामी, बुंदू खान, राधा वल्लभ सक्सेना, माधव ब्रजवासी, कविता सक्सेना, कमल कांत कौशिक, ईश्वर दत्त माथुर, सुधाकर दवे, माणक डांगी, मनस्वी शर्मा, राहुल वालिया, मंजरी महाजन, गोपाल सिंह राठौड़, पूजा राठौड़ ने गायन और नृत्य की एक से बढक़र एक प्रस्तुतियां दीं। श्वेता धामानी, कीर्ति धामानी, माधव राज धामानी, राघवराज धामानी आदिश्री धामानी ने भावपूर्ण नृत्य की प्रस्तुति दी।

नहर के गणेश मंदिर में फागोत्सव आज, सजेगी फागुणिया झांकी

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। ब्रह्मपुरी माऊंट रोड पर स्थित अतिप्राचीन दाहिनीं सूंड़ दक्षिणमुखी श्रीनहर के गणेशजी महाराज के मंदिर में बुधवार को विशाल फागोत्सव दोपहर 2 बजे से रात्रि 11 बजे तक मनाया जाएगा। मंदिर युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि यह उत्सव मंदिर महंत पं. जय शर्मा के सान्निध्य में प्रात: गणपति महाराज को रंग बिरंगी पौषाक व साफा धारण करवाकर ढप-चंग, पिचकारी व अनेक रंग की गुलाल सहित रंगीन परिधानों से मंदिर गर्भगृह में नयनाभिराम झांकी सजाकर प्रारंभ किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से राजस्थानी नृत्य, गायन-वादन के कार्यक्रमों में प्रहलाद गुर्जर व उनके साथी कलाकार अपनी हाजरी देंगे। इस दौरान प्रदेश की सुविख्यात गायिका परवीन मिर्जा व सुरभि चतुर्वेदी, गोपालसिंह राठौड़ होली के भजनों की प्रस्तुति देंगे, दोपहर 3 बजे देश की सुविख्यात नृत्यांगना पद्मश्री गुलाबो सपेरा व उनके साथी कलाकार नृत्य की प्रस्तुति देंगे। सायं आरती के बाद 7 बजे से शास्त्रीय कथक नृत्य व गायन-वादन के कार्यक्रम होंगे, जिसमें अन्तरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथक कलाकार मुंबई के नरेंद्र गंगानी एवं दिल्ली के रोहित परिहार अपनी कथक प्रस्तुति देंगे, इनके साथ राहुल कथक व निशित गंगानी तबला संगत करेंगे। इनके अतिरिक्त जयपुर की शशि सांखला, संगीता सिंघल एवं इनके शिष्यगण, जयराज जबड़ा, मोनिका अग्रवाल के कथक नृत्य के साथ किशन कथक, सितार-तबले पर परमेश्वर कथक, मोहित कथक, दिलशाद संगत करेंगे।

नगर निगम ग्रेटर ने 32 हजार रुपए का किया कैरिंग चार्ज, सामान जब्त

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को सतर्कता शाखा की अस्थाई टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में मयूर विहार, कबानी रोड, सेंट्रल स्पाइन दादी का फाटक तथा सांगानेर मालपुरा गेट तक अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 32 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज कर 3 कैंटर सामान जब्त किया। उपायुक्त सतर्कता अजय शर्मा ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में मयूर विहार, कबानी रोड, सेंट्रल स्पाइन दादी का फाटक तथा यातायात पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए चौरड़िया पेट्रोल पम्प से मालपुरा गेट सांगानेर जयपुर तक अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 3 कैंटर सामान जप्त कर गोदाम में भिजवाया गया। वहीं मौके पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध 32 हजार रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया। इस दौरान सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा लें अन्यथा नगर निगम ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

अलीशा जैन बनी नगर निगम ग्रेटर की ब्रांड एंबेसडर

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। अलीशा जैन को नगर निगम ग्रेटर मेयर डॉ. सौम्या गुर्जर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी 'स्वच्छ भारत मिशन' के स्वच्छता अभियान के नगर निगम ग्रेटर का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया। अलीशा जैन पूर्व में मिस राजस्थान, मिसेज राजस्थान है और महिलाओं के विकास, उत्थान के लिए हमेशा प्रयासरत रहती है। अलीशा जैन ने बताया कि जयपुर को स्वच्छ, सुंदर बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के लिए पूर्णत: समर्पित व प्रयासरत है कि हमारा जयपुर स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 में उच्च स्थान प्राप्त करके रहेगा।

मोदी युग सोंग्स एल्बम का जल्द ही होगा लोकार्पण

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। सिंधी समाचार राजस्थान की ओर शीघ्र ही मोदी युग सोंग्स एल्बम का लोकार्पण होगा। यह एल्बम नरेंद्र मोदी को समर्पित किया जाएगा। इस एल्बम के निर्माता निर्देशक रमेश भगत व डॉक्टर रेखा मनीष धनकनी ने इस एल्बम को अपने सुरों में बंधा है। वही जेके भारद्वाज ने इसे अपने संगीत से सजाया है, जिसमें माधव स्टूडियो की पूरी टीम का विशेष सहयोग रहा। अति शीघ्र आपके सम्मुख प्रस्तुत होकर यह एल्बम मोदी युग सोंग्स धूम मचाने वाला है।

क्राइम ब्रांच ने 3 जिलों में वांछित इनामी ठगों को पकड़ा

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। पुलिस मुख्यालय की स्पेशल टीम क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी क्राइम ब्रांच) टीम ने सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर लोगों से ठगी करने के मामले में आठ साल से फरार वांछित इनामी आरोपी अरविंद कुमार सोनी निवासी सपोटरा जिला करौली हाल गणगौरी बाजार जयपुर को टोंक जिले के बरौनी थाना इलाके से डिटेन कर लिया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि आरोपी अरविंद सोनी ठगी के मामले में बूंदी, भीलवाड़ा और टोंक जिले में लंबे समय से वांछित है। इसकी गिरफ्तारी के लिए बूंदी एसपी की ओर से पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ है। एडीजी एमएन ने बताया कि टीम को सूचना मिली कि वांछित आरोपी अरविंद सोनी की पत्नी टोंक जिले में रहती है। आरोपी रात के समय कभी-कभार पत्नी से मिलने जाया करता है। मंगलवार सुबह बूंदी से आई कोतवाली पुलिस अपने मामले में आरोपी को साथ ले गई। आरोपी अरविंद सोनी के विरुद्ध साल 2016 में बूंदी जिले के थाना कोतवाली में एक युवक को कनिष्ठ लिपिक के पद पर सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 40 हजार रुपए की ठगी तथा इसी साल थाना रतनगढ़ चूरू में इसी प्रकार 2.26 लाख रुपए हड़पने का मामला दर्ज किया गया था।

आरबीआई वर्कर्स यूनियन जयपुर के संगठन सचिव बने पदमचंद

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर

रिजर्व बैंक वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष एसके शर्मा ने बताया कि ऑल इण्डिया फेडरेशन की कोलकाता में आयोजित 26वीं कॉन्फ्रेंस में जयपुर यूनिट के पदमचन्द सैन को संगठन सचिव निर्वाचित किया गया है।

यूनियन कार्यालय में साफा और मलयर्पण के साथ उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया और मिठाई बांटी गई।

इसके बाद जयपुर कार्यालय के क्षेत्रीय निदेशक व उप महाप्रबंधक से औपचारिक मुलाकात की। यूनियन अध्यक्ष एसके शर्मा ने बताया कि अब हमारी पहुंच केंद्रीय यूनिट तक हो गई है, जिससे हमारे मुद्दों को वहां प्रभावी ढंग से उठा सकेंगे।

घर में घुसकर बच्चियों से छेड़छाड़, विरोध करने पर मारपीट

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। शहर के सोड़ाला थाना इलाके में पडौसी युवक ने घर में घुसकर तीन बच्चियों से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी और उसकी पत्नी ने बच्चियों और उसकी मां से मारपीट कर चोटिल कर दिया। पुलिस के अनुसार 60 फीट रोड हटवाड़ा निवासी एक महिला ने मामला दर्ज करवाया कि उसके घर पर आसिफ घुस गया और उसकी 3 बच्चियों को अकेला पाकर उनके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आस-पास के लोग जमा हो गए। शोर सुनकर आरोपी की पत्नी भी वहां पर आ गई। सभी ने मिलकर उसके और उसकी बच्चियों से मारपीट की। इससे दो बच्चियों के हाथ और पांव में चोट आई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम/वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। लोकसभा चुनाव की तैयारियों के तहत मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मतदान हेतु उपयोग में ली जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के लिए प्रथम चरण का रेंडमाइजेशन किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) सुरेश कुमार नवल की अध्यक्षता एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुए रेंडमाइजेशन में जिले की सभी 19 विधानसभा क्षेत्रों के आधार पर आरक्षित रखी जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का आवंटन किया गया।

लोकसभा चुनावों के तहत निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारियों को प्रथम रेंडमाइजेशन में कुल आवंटित कुल पोलिंग बूथ का 120 प्रतिशत बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं 127 प्रतिशत वीवीपैट का वितरण किया जाएगा।

रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से कंप्यूटर पर उपलब्ध चुनाव आयोग के ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम पर की गई। रेंडमाइजेशन के तहत ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के नम्बर अनुसार राजनैतिक दलों की उपस्थिति में रखा गया। प्रथम रेंडमाइजेशन की एक प्रति सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद सुनीता यादव एवं उपनिदेशक महिला अधिकारिता डॉ. राजेश डोगीवाल एवं उपनिदेशक सूचना एवं प्रौद्योगिकी ऋतेश कुमार शर्मा सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

देसी कट्टे सहित बदमाश गिरफ्तार

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत शिप्रा पथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है और उसके पास से एक देसी कट्टा सहित एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ राजस्थान के विभिन्न थानों में हत्या का प्रयास, मारपीट, चोरी, अवैध हथियार रखने के आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। शिप्रा पथ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अंकित सैनी निवासी उदयपुरवाटी जिला झुंझुनूं हाल खानाबदोश जयपुर को गिरफ्तार कर उसके पास से हथियार देसी कट्टा सहित एक जिंदा कारतूस जब्त किया है।

श्रमिकों ने ली लोकसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। आगामी लोकसभा चुनाव विधानसभा चुनावों में शत्-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा मतदाता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित के निर्देश पर जयपुर के महेन्द्रा सेज स्थित एक निजी संस्थान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि एक स्वस्थ एवं सफल लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता सक्रिय भूमिका आवश्यक है। उन्होंने श्रमिकों से 19 अप्रैल एवं 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में श्रमिकों को सी-विजिल, वीएचए, सक्षम एवं केवाईसी एप की जानकारी दी गई।

जवाहर सर्किल इलाके में श्वान का आंतक

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। शहर के जवाहर सर्किल थाना इलाके में एक पालतू श्वान ने महिला को घायल कर दिया। इस संबंध में महिला के पति ने श्वान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार श्रीजी नगर दुर्गापुरा निवासी उमेश शर्मा ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी पत्नी किसी काम से बाजार जा रही थी। घर के बाहर निकलते ही कुछ दूरी पर एक पालतू श्वान ने उस पर हमला कर दिया। इससे वह घायल हो गई। यह श्वान जीतेश अरोड़ा का है। जीतेश को कई बार इस श्वान को बांध कर रखने के लिए कहा गया, लेकिन वह नहीं मानता और ज्यादा कहने पर झगड़ा करने पर उतारू हो जाता है।

सरकारी स्कूल में पिछले चार महीने में तीन बार चोरी

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। राजधानी की गांधी नगर थाना इलाके में एक स्कूल में पिछले चार महीने में तीन बार चोरी हो चुकी है। तीनों बार चोरी करने वाला भी एक बदमाश है। घटना गांधी नगर थाना इलाके के महात्मा गांधी राजकीय स्कूल की है। चोर हर बार स्कूल में लगे नल जरूर चुराकर ले जाता है। स्कूल प्रशासन का कहना है कि तीनों बार पुलिस को घटना की जानकारी के साथ सीसीटीवी फुटेज तक दी गई, लेकिन बदमाश पकड़ से दूर है। आखिरी घटना 17 मार्च की है, जिसका वीडियो सामने आया है।

TENDER NOTICE

Experienced manufacturers of outdoor fitness centers are invited to submit bids under the two-bid system comprising technical bid and financial bid for the installation of outdoor fitness centers in suburban areas of Jaipur.

The Tender/Req. ed for proposa (R.F.P.) will be available from March 20th to March 24th, 2024. Bids must reach the designated mail address by 3:00 pm on March 24th, 2024. Any modifications to the tender will be communicated solely through the official website after the publication date. The final decision will be made by SSS.

Giki NCFGD Public Charitable Trust
Email: ggpnewdelhi@gmail.com, www.giki.ngo.com

कार्यालय उपायुक्त सिविल लाइन जोन, नगर निगम जयपुर ग्रेटर

क्र.-एफ-18( )मि.ल.जो./2024/8552 दिनांक 12.03.24

अनापत्ति आमंत्रण सूचना

[illegible]

क्र.सं.	आवेदक का नाम	पिता/पति का नाम	आवेदन स्थल का पता	आवंटित भूखंड क्रमांक
1	श्रीमती कमला देवी	स्व0 श्री लादूराम	25 [illegible] कॉलोनी	75.53 वर्गगज
2.	श्री रामकरण शर्मा	बद्री नारायण	26. अक्षरधाम कॉलोनी	37.5 वर्गगज

अधिशासी अभियंता सिविल लाइन जोन नगर निगम जयपुर ग्रेटर

तीन ताल और रूपक तालों में कलाकारों ने रची सुर, लय और ताल की कायनात

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। अपने सितार की मधुर झनकार से देश दुनिया में नाम कमाने वाले कोलकाता के पं. देबाजीत चक्रवर्ती और कहरवा फ्यूजन रचना के प्रणेता तबला वादक डॉ. विजय सिद्ध ने मंगलवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी परिसर में अपने फन का प्रदर्शन किया। दोनों कलाकारों का ये कार्यक्रम इस दिन दोपहर 12 बजे से यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ म्यूजिक के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया।

'सितार रिसाइटल' नामक ये कार्यक्रम भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद की नॉर्थ जोनल इकाई की ओर से यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान के सहयोग से परिषद की 'होरीजोन सीरीज' के तहत आयोजित किया गया। सुर, लय और ताल के बेहतरीन समन्वय से सराबोर इस कार्यक्रम में जहां सितार वादक देबाजीत चक्रवर्ती ने परिवेश में सुरों की मिठास घोली, वहीं तबला वादक डॉ. विजय सिद्ध ने तीन ताल और रूपक तालों के जरिए सुरों में लय, ताल का समावेश कर प्रस्तुति को और भी आकर्षक बना दिया। देबाजीत चक्रवर्ती ने राग गौड़ मल्हार और मिश्र काफी को अपनी प्रस्तुति का माध्यम बनाया। राग गौड़ मल्हार के दौरान देबाजीत ने सुरों की वर्षा का माहौल बनाया, जबकि मिश्र काफी राग के दौरान संगीत प्रेमियों को उनके सुरों में लोक संगीत की चंचलता महसूस हुई। राग मिश्र काफी का लोक संगीत से काफी से घनिष्ठ संबंध है और अनेक लोक गीतों में इसके सुरों की चंचल और शोख तासीर सहज ही महसूस की जा सकती है। प्रस्तुति के दौरान विजय सिद्ध ने तीन ताल और रूपक तालों में अनेक प्रकार की लय, उन पर चलन और लय बांट का कुशलता से प्रदर्शन किया। तबले की स्पष्ट 'चांट' ताल की एक एक मात्रा को सहज ही जीवंत कर रही थी। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जाने-माने चित्रकार पद्मश्री तिलक गिताई ने दोनों कलाकारों का और म्यूज़िक डिपार्टमेंट की हेड डॉ. वंदना कला ने गिताई का अभिनंदन किया।

In the Court of VI Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court Indore

Presiding Officer : [illegible]

(अधीन 5 नियम 20 आदेश 5 सिविल प्रोसीजर कोड 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)

MACC/186/2022

[illegible]

V

[illegible]

[illegible]